स्पीड पोस्ट

सं. ए-31016/12/2008-सामान्य (पार्ट II)
भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

सरदार पटेल भवन, संसद मार्ग
नई दिल्ली-110001, दिनांक 31/10/11

सेवा में

सूची अनुसार

विषयः तौलिए, कार सीट कवर इत्यादि धोने के रेट देने हेतु ।

महोदय,

इस मंत्रालय के सरदार पटेल भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली, जीवन प्रकाश बिल्डिंग, कस्तूरबा गाँधी मार्ग, नई दिल्ली व आर.के. पुरम, वेस्ट ब्लॉक-8, विंग नं.6, नई दिल्ली में निम्नलिखित वर्णित तौलिए इत्यादि धोने के लिए रेट देने हेतु सील बंद कोटेशन देने के लिए आमंत्रित किया जाता है:-

क्रम सं.	नाम (प्रति)
1	तौलिए
2	सोफा कवर
3	कार सीट कवर
4	डस्टर
5	कार के परदे
6	कम्बल
7	चादर

2. आपको प्रत्येक सोमवार को सामान धोने के लिए ले जाना पड़ेगा, सोमवार को सरकारी अवकाश होने की अवस्था में अगले कार्य दिवस वाले दिन धोने के लिए ले जाना होगा तथा धुलाई के लिए विवरण तालिका तैयार करनी होगी व संबंधित अधिकारी के हस्ताक्षर करवाना अनिवार्य होगा ।

3. आपकी कोटेशन के साथ रू.2000 (रूपए दो हजार मात्र) का ड्राफ्ट इस मंत्रालय के वेतन व लेखा अधिकारी के नाम का संलग्न होना अनिवार्य है । बिना ड्राफ्ट के कोटेशन मान्य नहीं होगा ।

4. मंजूर कोटेशन द्वारा कार्य करने से इंकार करने की अवस्था में कोटेशन के साथ संलग्न ड्राफ्ट रू.2000 (रूपए दो हजार मात्र) जब्त करते हुए इस मंत्रालय के सरकारी खजाने में जमा करा दिया जाएगा ।

5. आपकी कोटेशन मंजूर होने पर इस मंत्रालय के वेतन व लेखा अधिकारी के नाम पर रू.3 000 (रूपए तीन हजार मात्र) का ड्राफ्ट जमानत राशि के तौर पर जमा करना अनिवार्य होगा । आपका कार्य संतोषजनक ना होने पर आपको आबंटित कार्य रद्द करते हुए, जमानत राशि जब्त की जा सकती है ।

6. मंजूर कोटेशन को दो वर्ष की अवधि के लिए कार्य आबंटित किया जाएगा ।

7. आप दिनांक 24 अक्टूबर, 2011 को अपराह्न 3 बजे कोटेशन सरदार पटेल भवन के स्वागत कक्ष के बाहर कोटेशन बॉक्स में डाल सकते हैं । सभी प्राप्त कोटेशन उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे कमरा सं.201 सरदार पटेल भवन में खोले जाएंगे । आप स्वयं या आपके प्रतिनिधि उक्त समय पर उपस्थित हो सकते हैं ।

8. इस मंत्रालय को बिना कारण बताये किसी भी कोटेशन को रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा ।

(के.आर. शर्मा)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाषः 23747929

प्रतिलिपिः निदेशक, संगणक केंद्र–मंत्रालय की वेबसाइट पर डालने हेतु ।